हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 30 अप्रैल 2026

06 पीएम स्वनिधि योजना में प्रदेश में तीसरा स्थान पर बैतूल जिला



09 जनसुनवाई में उठी आवाज ने पकड़ा तूल, जमीन...





## खबर संक्षेप

### बलेनो ने बाइक को मारी टक्कर, मामला दर्ज

**इटारसी।** पुरानी इटारसी के जामनी रोड, चेतन नगर में एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में ग्राम बमुरिया निवासी शुभम राजपूत 30 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस के अनुसार, शुभम अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे, तभी सामने से आ रही लाल रंग की बलेनो एमपी 04 वायबी1069 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें सीधी टक्कर मार दी। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### लोन नहीं चुकाने पर हुई 3 माह की सजा

**इटारसी।** बैंक से लोन लेकर किराना कारोबार में लगाने वाले एक व्यापारी को लोन नहीं चुकाने पर ब्याज सहित बकाया राशि चुकाने और तीन माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। मामला मप्र ग्रामीण बैंक शाखा सुखतवा का है। मामले के अधिवक्ता ब्रजेश पटेल ने बताया कि बैंक की शाखा से टीकाराम यादव पिता साहब लाल यादव उम्र 44 वर्ष निवासी डांडीवाड़ा ने किराना व्यापार के लिए 50 हजार रुपए का लोन 20 मई 2016 को लिया था। शुरुआत में कुछ किस्ते जमा करने के बाद बैंक को बकाया राशि की किस्त नहीं दे रहा था। वसूली के दौरान प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने लिखित और मौखिक रूप से टीकाराम को बकाया राशि जमा करने की सूचना दी थी। लगातार जब किस्त की राशि नहीं आई तो प्रबंधक ने 7 जनवरी 2020 को 52 हजार 400 रुपए का चेक बैंक को दिया। वसूली के लिए बैंक ने चेक जमा किया, लेकिन चेक बाउंस हो गया। मामले में न्यायालय में प्रकरण दर्ज कराया गया। बैंक के अधिवक्ता ब्रजेश पटेल ने न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी इटारसी आयुषी गुप्ता के समक्ष सुनवाई के दौरान सभी साक्ष्य व दस्तावेज प्रस्तुत किए। अधिवक्ता पटेल ने कहा कि न्यायालय के समक्ष वर्तमान बैंक प्रबंधक कमलेश पूर्वी के कथन कराए गए।

## डॉ शर्मा ने महिलाओं को एक-तिहाई आरक्षण पर विस में दिया भाषण

# सीएम डॉ. मोहन यादव ने की डॉ. सीतासरन शर्मा की मुक्तकंठ से प्रशंसा, बाले... उनका प्रस्तुतीकरण सभी के लिए प्रेरणास्पद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश विधानसभा में नारी सशक्तिकरण के विषय पर आयोजित विशेष सत्र के दौरान एक अद्भुत और सकारात्मक दृश्य देखने को मिला। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सदन के भीतर नर्मदापुरम विधायक और मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा के उद्बोधन की जमकर सराहना की।

महिलाओं को एक-तिहाई आरक्षण देने से जुड़े महत्वपूर्ण संकल्प पर डॉ. शर्मा द्वारा दिए गए तथ्यपूर्ण और सारगर्भित भाषण ने पूरे सदन में एक विशेष छाप छोड़ी, जिसकी तारीफ स्वयं मुख्यमंत्री ने की।

डॉ. शर्मा के प्रभावशाली उद्बोधन के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनके संसदीय ज्ञान और वाक्पटुता की खुले मन से प्रशंसा की।




◆ मुख्यमंत्री ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि अन्य सदस्यों को भी डॉ. शर्मा से सीखना चाहिए कि सदन में अपनी बात किस प्रकार रखी जाती है।

### मुख्यमंत्री ने डॉ. शर्मा की तारीफ करते हुए सदन में कहा

*माननीय सदस्य सीतासरन जी ने संक्षिप्त में, लेकिन बिल्कुल 'टू द पॉइंट' बात की। हम सभी के लिए यह एक आदर्श है। हम सबको यह मानकर चलना चाहिए कि सदन की सार्थक चर्चा में अपने पक्ष की तथ्यात्मक प्रस्तुति किस तरह की जाती है, इसके लिए वाकई में यह प्रेरणास्पद है। यह बाकी सदस्यों को भी सीखना चाहिए।*

### संसदीय परंपराओं का उत्कृष्ट उदाहरण

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि डॉ. सीतासरन शर्मा, जो स्वयं पूर्व में विधानसभा अध्यक्ष के उच्च पद को सुशोभित कर चुके हैं, को संसदीय नियमों और परिपाटियों का गहरा ज्ञान है। उनका यह भाषण न केवल महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर भाजपा के मजबूत रुख को दर्शाता है, बल्कि यह भी साबित करता है कि सदन में शोर-शराबे की बजाय अगर तथ्यों और तर्कों के साथ बात रखी जाए, तो वह अधिक असरदार होती है। मुख्यमंत्री द्वारा की गई इस सार्वजनिक प्रशंसा से नर्मदापुरम जिले के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी उत्साह है।

### विपक्ष भी रह गया निरुत्तर

विधानसभा के इस विशेष सत्र में महिला आरक्षण और सशक्तिकरण के मुद्दे पर चर्चा चल रही थी। इस दौरान जब वरिष्ठ विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने अपना पक्ष रखा, तो सदन में सन्नाटा छा गया। उन्होंने अपनी बात को बेहद स्पष्टता, गंभीरता और ठोस तथ्यों के साथ सदन के पटल पर रखा। उनके प्रस्तुतीकरण में विषय की इतनी गहरी समझ और तार्किकता थी कि विपक्षी दल के सदस्य भी उनके तर्कों के आगे निरुत्तर दिखाई दिए।

## अब क्षेत्र को मिलेगा देश के अन्य शहरों से सीधा संपर्क, नागरिक होंगे लाभावित

# सांसद द्वय ने अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-4 पर बुधवार को बनारस-पुणे (हडपसर) और अयोध्या-मुंबई (लोकमान्य तिलक टर्मिनस) अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का भव्य शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी और विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने जनप्रतिनिधियों एवं रेलवे अधिकारियों के साथ ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सांसद चौधरी ने कहा कि यह ट्रेन देश के विकास की तेज रफ्तार का प्रतीक है, जो उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र को जोड़ने वाली नई जीवनरेखा बनेगी। उन्होंने इस नई सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया।

बुधवार को सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं सांसद माया नारोलिया ने हडपसर और अयोध्या-मुंबई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को रवाना किया।



**खास बातें**

- क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण साप्ताहिक रेलगाड़ी अब प्रतिदिन चलेगी।
- धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अयोध्या से नई रेल सेवा की शुरुआत।

### सांसद बोले यात्रियों को लाभ होगा

इन ट्रेनों के संचालन से भोपाल और जबलपुर रेल मंडल के लाखों यात्रियों को आधुनिक, सुरक्षित और किफायती यात्रा का सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के पश्चात सांसद ने रेलवे के विकास कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस गरिमामयी कार्यक्रम में भोपाल रेल मंडल प्रबंधक (डीआरएम) पंकज त्यागी, वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया, इटारसी नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, एसडीएम नीलेश मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला सहित कई जनप्रतिनिधि, रेलवे व प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

**सांसद ने दिए निर्देश**

**समय-सीमा का पालन:** रेलवे के सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएं। विकास कार्यों में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**टिकट काउंटर बढ़ें:** यात्रियों की भीड़ और लंबी कतारों को देखते हुए प्रमुख स्टेशनों पर टिकट काउंटरों की संख्या बढ़ाई जाए ताकि टिकट व्यवस्था सहज हो सके।

**अवैध वेंडरों पर कार्रवाई:** स्टेशनों पर अवैध वेंडरों की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं और केवल अधिकृत वेंडरों को ही अनुमति दी जाए। साथ ही स्टेशनों पर अवैध वेंडरों को घुसने नहीं दिया जाए। यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था बनाएं।

## आर्मी ट्रेन के सामने डेटोनेटर फोड़ने वाले ट्रैकमैन को जेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सेना की विशेष ट्रेन के सामने डेटोनेटर फोड़कर गाड़ी रोकने के एक बेहद गंभीर मामले में न्यायालय ने कड़ा फैसला सुनाया है। विशिष्ट रेलवे मजिस्ट्रेट मोहित माधव की अदालत ने इस कृत्य के लिए एक रेलवे कर्मचारी (ट्रैकमैन) को ही दोषी करार देते हुए कुल 6 वर्ष के सश्रम कारावास और 5,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

यह घटना 18 सितंबर 2024 की है। सेना की एक विशेष ट्रेन के ट्रैक से गुजरते समय अचानक डेटोनेटर फटने से ट्रेन को रोकना पड़ा था। तत्कालीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर आशुतोष कुमार की शिकायत पर आरपीएफ (खंडवा) में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। एएसआई जगदीश नेहेते ने घटनास्थल से फटे हुए डेटोनेटर जब्त किए थे।

### खोजी कुत्ते ने पकड़ा सुराग

इस मामले की जांच उपनिरीक्षक अरविंद कुमार सिंह द्वारा की गई। जांच के दौरान डॉग स्क्वायड के खोजी कुत्ते 'जेम्स' की ट्रैकिंग ने अहम सुराग दिए। इसी आधार पर रेलवे ट्रैकमैन साबिर (पिता शब्बीर) को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने इस घटना को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। इसके बाद पुख्ता साक्ष्यों के साथ न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया गया। 28 अप्रैल 2026 को माननीय न्यायालय ने मामले की सुनवाई पूरी करते हुए फैसला सुनाया। एक रेलवे कर्मचारी द्वारा ही ऐसी गंभीर घटना को अंजाम देने पर अदालत ने सख्त रुख अपनाया। हालांकि आरोपी को रेल अधिनियम की धारा 153 से दोषमुक्त कर दिया गया, लेकिन अन्य धाराओं में उसे दोषी पाते हुए निम्नलिखित सजा सुनाई गई। प्रकरण में वरिष्ठ लोक अभियोजन अधिकारी अजय सिंह ने पैरवी की।

## एसडीएम ने लिया मंडी में गेहूं खरीदी की व्यवस्थाओं का जायजा, दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



कृषि उपज मंडी में संचालित सरकारी गेहूं खरीदी केंद्रों पर बुधवार को एसडीएम नीलेश शर्मा ने औचक निरीक्षण किया। रबी फसल की खरीदी प्रक्रिया में किसानों को मिल रही सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। एसडीएम ने केंद्र पर पहुंचकर बारीकी से हर पहलू की जांच की। अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि तौल और छनाई की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रहे, गेहूं की गुणवत्ता की जांच के लिए तैनात लैब और सर्वेयरों के कार्य को देखा, ताकि किसानों को अकारण परेशानी न हो, एसडीएम ने खरीदी पोर्टल और भुगतान संबंधी दस्तावेजों का अवलोकन किया और निर्देश दिए कि निर्धारित समय-सीमा में किसानों के खाते में राशि पहुंचनी चाहिए। केंद्रों पर पेयजल, बैठने की व्यवस्था और धूप से बचाव के इंतजामों का भी जायजा लिया। इस दौरान मौजूद किसानों से एसडीएम ने सीधे संवाद किया। किसानों ने बताया कि केंद्रों पर खरीदी सुचारू रूप से चल रही है और उन्हें टोकन व स्लॉट बुकिंग के अनुसार उचित समय मिल रहा है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही यह खरीदी किसानों के लिए आर्थिक संबल साबित हो रही है। एसडीएम नीलेश शर्मा ने संबंधित प्रबंधकों और कर्मचारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि किसी भी केंद्र पर किसानों से खरीदी में लापरवाही की शिकायत पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## ख्वाब का राष्ट्रीय पिट्टू स्पर्धा के लिए मप्र टीम में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिले के ग्राम बघवाड़ा के होनहार खिलाड़ी ख्वाब लोवंशी का चयन तीसरी जूनियर नेशनल पिट्टू चैंपियनशिप के लिए मध्य प्रदेश की टीम में हुआ है। यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता आगामी 3 मई से 6 मई तक गुजरात के सूरत में आयोजित की जाएगी। उनके चयन से पूरे जिले में हर्ष का माहौल है। जिला पिट्टू संघ के अध्यक्ष अशोक मालवीय ने बताया कि ख्वाब ने हाल ही में 'खेलो यूथ गेम्स एमपी' में शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर कांस्य पदक जीता था, जिसके आधार पर उन्हें अब राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का गौरव मिला है। संघ के महासचिव जाफर सिद्दीकी ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद ख्वाब की यह उपलब्धि जिले के सभी युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा है। कोच अंश मालवीय और शरद लोवंशी ने उनके शानदार प्रदर्शन का भरोसा जताया है। ख्वाब लोवंशी की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर संघ के पदाधिकारियों सहित जिले के समस्त खेल प्रेमियों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## निर्माण कार्यों में लापरवाही पर नपाध्यक्ष हुए सख्त, निर्माण ठेकेदारों को दिए कड़े निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर पालिका अध्यक्ष ने शहर में जारी विभिन्न निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



### प्रमुख निरीक्षण व निर्देश

वार्ड 25 में राजू कुचबंदिया से खरे के मकान तक बन रही सड़क का निरीक्षण पार्षद शुभम गौर के साथ किया। ठेकेदार पुनीत मालवीय को सामग्री की गुणवत्ता बेहतर रखने, सड़क के दोनों ओर बेरीकेडिंग करने और जूट के बोरों का उपयोग कर उचित तराई सुनिश्चित करने की हिदायत दी गई।

दीवान कॉलोनी वार्ड 2 में खराब गुणवत्ता के कारण गिट्टी ऊपर आने की शिकायत पर भूरिया बाबा कंस्ट्रक्शन को नोटिस जारी किया था। रिपेयरिंग कार्य का जायजा लेने नपाध्यक्ष और उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत पहुंचे। उन्होंने एजेंसी को कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए। नपा अध्यक्ष ने आम जनता से भी अपील की है कि निर्माण कार्य के दौरान वे वैकल्पिक मार्गों का उपयोग कर सहयोग करें, ताकि कार्य निर्बाध रूप से पूरा हो सके।

## किस्त में देरी पर नाराज सभापति की अधिकारियों को कड़ी फटकार



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर के वार्ड में निरीक्षण के दौरान सभापति राकेश जाधव ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं जल विभाग से जुड़ी समस्याओं का जायजा लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के एक हितग्राही ने बताया कि उनकी दूसरी किस्त अब तक जारी नहीं हुई है, क्योंकि उनके मकान की फोटो अभी तक नहीं ली गई है। इस पर सभापति राकेश जाधव ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारी को फोन पर कड़ी फटकार लगाई और निर्देश दिए कि हितग्राही की समस्या का तत्काल निराकरण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही वार्ड 23 में अग्रवाल कॉलोनी के पास बने प्रधानमंत्री आवासों के हितग्राहियों द्वारा पानी की समस्या बताई गई। मौके पर ही अधिकारी रविन्द्र जोशी को बुलाकर सभापति ने दो दिन के भीतर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

## नपाध्यक्ष ने धैर्य के लिए नागरिकों का माना आभार

# नपा ने पेयजल पाइप के समस्त लीकेज किए बंद, आज से पेयजल आपूर्ति होगी सुचारू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर में अचानक आए पेयजल संकट की घड़ी में नगरपालिका की टीम द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद पेयजल आपूर्ति की पाइप लाइन में आए लीकेज को सुधारने में सफलता प्राप्त कर ली है। इंदौर से बुलाए गए पाइप लाइन जोड़ने वाले केमिकल से पाइप लाइन जोड़ दी गई है। उसे सूखने के लिए 10 से 12 घंटे लगते हैं।



इसलिए गुरूवार को पेयजल सप्लाई सुचारू हो जाएगी। इस भीषण गर्मी में पेयजल सप्लाई जारी रखने के लिए नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी सतत नजर रखे हुए हैं। उनके द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचाए जा रहे टैंकर्स की जानकारी ली जा रही है। जल शाखा प्रभारी उपयंत्री आयुषी रिछारिया ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देशन प्रभावित क्षेत्रों में टैंकर्स पहुंचाए जा रहे हैं। टैंकर्स के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। पाइप लाइन के लीकेज ठीक कर दिए गए हैं। हरिश गोस्वामी ने बताया कि नगर पालिका द्वारा गोपालकुंज, रसूलिया, आदर्श नगर, अंकिता नगर, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, बीटीआई, भीलपुरा, जुमेराती, रामलीला मैदान, रामगंज, कमला गली, थाना परिसर, बजरिया, मोरछली चौक, ग्वालटोली, ईदगाह, खोजनपुर में पानी टेंकर उपलब्ध कराए गए एवं लगातार पानी टेंकर पहुंचाए जा रहे हैं।

### टैंकर्स के माध्यम से जलापूर्ति की

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने कहा कि इस भीषण गर्मी में अचानक आए जलसंकट में नागरिकों द्वारा जो धैर्य का परिचय दिया है, उसके लिए धन्यवाद। लगातार टैंकर्स के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है।

## राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाज कीर्ति की मदद के लिए आगे आए समाजसेवी



**इटारसी।** खेल प्रतिभाएं अक्सर सुविधाओं और संसाधनों के अभाव में दम तोड़ देती हैं, लेकिन अगर उन्हें सही समय पर सहयोग मिले तो वे देश का नाम रोशन कर सकती हैं। ऐसा ही एक मामला नर्मदापुरम जिले के डोलरिया तहसील के ग्राम भीलाखेड़ी से सामने आया है, जहां की होनहार तीरंदाज कीर्ति यादव अपनी आर्थिक तंगहाली के कारण खेल को जारी रखने के लिए संघर्ष कर रही हैं। कीर्ति यादव ने अपनी मेहनत के दम पर तहसील से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बनाई है। उनके पास उपलब्धियों की एक लंबी सूची है।

## परीक्षा में अंक नहीं, बुलंद हौसला जरूरी: न्यायाधीश



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, इटारसी में बुधवार, 29 अप्रैल को 'परीक्षा परिणाम जनित तनाव प्रबंधन एवं जीवन संरक्षण' विषय पर विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रथम जिला न्यायाधीश अनीता खजुरिया उपस्थित रहीं। बालिकाओं का मार्गदर्शन करते हुए न्यायाधीश श्रीमती खजुरिया ने कहा कि जीवन अमूल्य है। परीक्षा में केवल अंक मायने नहीं रखते, बल्कि जीवन की ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए बुलंद हौसला और पढ़ाई में निरंतरता अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने छात्राओं को समझाया कि यदि परीक्षा में कम अंक आते हैं, तो निराश न हों क्योंकि जिंदगी हमेशा दूसरा मौका देती है। इसके साथ ही उन्होंने बालिकाओं को कानून के महत्व और उनके अधिकारों के प्रति भी जागरूक किया।

## खबर संक्षेप

### गर्मी का प्रकोप जारी तापमान में हल्की बढ़ोतरी



**बैतूल।** जिले में गर्मी लगातार बढ़ रही है। बुधवार को अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मंगलवार के 41 डिग्री से थोड़ा ज्यादा है। वहीं, न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री रहने से रातें भी गर्म हो रही हैं। रविवार को तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, जो इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। सोमवार को थोड़ी राहत मिली और तापमान करीब 42 डिग्री रहा, लेकिन अब फिर से गर्मी बढने लगी है। पिछले कुछ दिनों के आंकड़ों पर नजर डालें तो 22 अप्रैल को तापमान करीब 39 डिग्री था। इसके बाद 23 अप्रैल को 40 डिग्री, 24 अप्रैल को 40.8 डिग्री और 25 अप्रैल को 41.5 डिग्री तक पहुंच गया। 27 अप्रैल को पारा 43.5 डिग्री तक चला गया। यानी एक हफ्ते में तापमान करीब 4-5 डिग्री बढ़ गया। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, गर्म हवाओं और सूखे मौसम की वजह से लू जैसे हालात बने हुए हैं। आसमान साफ है और हवा में नमी कम है, इसलिए दिन में तेज गर्मी पड़ रही है। अब रात में भी गर्मी कम नहीं हो रही। तापमान 41 से 43 डिग्री के बीच रह सकता है। बीच-बीच में हल्के बादल आ सकते हैं, लेकिन ज्यादा राहत की उम्मीद नहीं है। डॉक्टरों ने लोगों को सावधान रहने को कहा है। दोपहर में धूप में बाहर न निकलें, ज्यादा पानी पिएं और सिर ढककर ही बाहर जाएं। बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को खास ध्यान रखने की जरूरत है। अभी बैतूल में दिन के साथ रातें भी गर्म हो गई हैं, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। फिलहाल मौसम में बड़ा बदलाव या बारिश के संकेत नहीं हैं, इसलिए लोगों को कुछ दिन और गर्मी झेलनी पड़ सकती है।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह 30 अप्रैल को

**बैतूल।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 30 अप्रैल को सतपुड़ा ग्राउंड,घोड़ाडोंगरी में 200 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रहेगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत घोड़ाडोंगरी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सामूहिक विवाह समारोह का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की कन्याओं के विवाह को सरल, सम्मानजनक एवं सामाजिक समरसता के साथ संपन्न कराना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि वर-वधू एवं उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## 85 प्रतिशत वेंडरों को किया ऋण का वितरण

# पीएम स्वनिधि योजना में प्रदेश में तीसरे स्थान पर बैतूल जिला

### 1 जून 2020 से शुरू की गई थी योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

पीएम स्वनिधि योजना में बैतूल जिला प्रदेश में तीसरे स्थान पर है। यह योजना 1 जून 2020 से शुरू की गई थी। इस योजना के तहत बैतूल जिले में अब तक 31503 लोगों (स्ट्रीट वेंडर) को ऋण वितरित किया गया है, जो कि लक्ष्य का 85 प्रतिशत है। दरअसल कोरोना काल के बाद सडक़ किनारे अस्थाई दुकान लगाकर अपनी आजीविका चलाने वाले रेहड़ी-पटरी वालों को उनका काम दोबारा शुरू करने के लिए 1 जून 2020 से पीएम स्वनिधि योजना शुरू की गई थी।

इस योजना का उद्देश्य शहरी रेहडी-पटरी विक्रेताओं को बिना गारंटी के कार्यशील राशि उपलब्ध कराना है, ताकि ज्यादा से ज्यादा स्ट्रीट वेंडर्स आसानी से अपना व्यवसाय शुरू कर सके, इसके लिए ऋण की प्रक्रिया बेहद आसान रखी गई है और इस योजना के तहत ऋण लेने के लिए बहुत ज्यादा दस्तावेजों या गारंटी की जरुरत नहीं पड़ती है। कोरोना काल के बाद आर्थिक तंगी से जूझ रहे स्ट्रीट वेंडर्स के लिए यह योजना सौगात भी साबित हुई। इस योजना में स्ट्रीट वेंडरों को आसानी से राशि मिल गई और इसके चलते वे अपना काम-धंधा दोबारा शुरू कर सके।




### मार्च 2027 तक 37127 ऋण वितरण करने का लक्ष्य

जिले को पीएम स्वनिधि योजना के तहत 37127 ऋण वितरण का लक्ष्य मिला है। यह लक्ष्य जिले को मार्च 2027 तक पूरा करना है। अभी तक जिले ने लक्ष्य का 85 प्रतिशत यानि 31503 लोगों (स्ट्रीट वेंडर) को ऋण वितरित किया जा चुका है। पहले इस योजना के तहत 10 हजार रूपये का ऋण मिलता था, जिसे बढ़ाकर अब 15 हजार रूपये कर दी है। इस ऋण का समय रहते भुगतान करने पर अब 25 और 50 हजार रुपये की राशि भी प्रदान की जाती है। शुरूआती दौर में पात्रों और जरुरतमंदों को योजना का लाभ मिला और इससे वे दोबारा अपने काम शुरू भी कर पाए।

### सबसे अधिक शाहपुर क्षेत्र में ऋण वितरित

पीएम स्वनिधि योजना को लेकर जिले की नगरपालिकाओं पर नजर डाली जाये तो शाहपुर नगर परिषद में लक्ष्य से अधिक ऋण वितरिण किया गया है। यहां शासन द्वारा 1213 ऋण वितरण का लक्ष्य दिया गया था, जबकि ऋण के लिए 1522 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से 1233 केस स्वीकृत किये गये और 1230 लोगों (स्ट्रीट वेंडर) को ऋण का वितरण किया गया। वहीं सबसे कम भैंसदेही नगर परिषद में 71 प्रतिशत यानि 1281 लक्ष्य के विरूद्ध 1058 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 906 आवेदन स्वीकृत किये गये और इतने ही लोगों को ऋण का वितरण किया गया।

### पात्र के साथ-साथ अपात्रों को भी लाभ मिलने का आरोप

वैसे तो पीएम स्वनिधि योजना सडक़ किनारे अस्थाई दुकान लगाकर अपनी आजीविका चलाने वाले रेहड़ी-पटरी वालों के लिए बनी थी, ताकि वे अपना काम दोबारा शुरू कर सके, लेकिन इस योजना का लाभ पात्रों के साथ-साथ अपात्रों को भी दिये जाने का आरोप लग रहा है। इसके पीछे कारण यह है कि जिले में जितने स्ट्रीट वेंडर नहीं है, उससे कई ज्यादा गुना ऋण का वितरण किया जा चुका है। यदि बैतूल शहर की बात करे तो तीन साल पहले नपा ने सर्वे कराया था, तब बैतलू शहर में 600 स्ट्रीट वेंडर ही पाए गए थे। अब इतने समय में यदि इनमें बढोत्तरी भी जोड़ ले तो दोगुना से ज्यादा इनकी संख्या नहीं हुई होगी। लेकिन बैतूल नगरपालिका क्षेत्र में 24 अप्रैल तक 10746 स्ट्रीट वेंडरों को ऋण का वितरण किया जा चुका था। जबकि ऋण के लिए 11829 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें से 10844 ऋण स्वीकृत किये गये थे। अब सवाल यह उठता है कि जब जिले में इतने स्ट्रीट वेंडर है ही नहीं तो फिर लोन लेने के लिए इतने वेंडर कहां से आ रहे है। वैसे जानकार कहते है कि शासन का दबाव लक्ष्य पूर्ति करने के लिए रहता है। ऐसे में यदि कोई अपात्र आवेदन करता है तो उसे वेंडर नहीं होने के बावजूद योजना का लाभ मिल जाता है।

### तीन श्रेणियों में मिलता है ऋण

पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत तीन श्रेणियों में ऋण हासिल किया जा सकता है। प्रथम चरण पहले 10,000 रूपये का ऋण दिया जाता था, जिसे बढ़ाकर अब 15,000 तक का लोन (12 महीने की अवधि के लिए) कर दिया गया है। वहीं द्वितीय चरण में पहले लोन का सफल भुगतान करने पर 20,000 मिलते थे, अब बढक़र 25,000 तक का लोन कर दिया है। इसी तरह तृतीय चरण में दूसरे लोन का समय पर भुगतान करने पर अब 50,000 तक का लोन प्राप्त किया जा सकता है। इस योजना की खाशियत यह है कि यह ऋण गारंटी मुक्त ऋण है, इसमें किसी भी प्रकार की सुरक्षा की आवश्यकता नहीं है। समय पर लोन चुकाने पर 7 प्रतिशत की वार्षिक ब्याज दर में छूट मिलती है। डिजिटल लेनदेन करने पर प्रति माह 100 तक का कैशबैक भी प्राप्त होता है। इस योजना के तहत रेहड़ी-पटरी विक्रेता, ठेले वाले, और छोटे दुकानदार पात्र है।

### जिले में पीएम स्वनिधि योजना के हालात

| निकाय लक्ष्य | | प्राप्त आवेदन | | स्वीकृत वितरण | |
|---|---|---|---|---|---|
| बैतूल | | 12428 | 11829 | 10844 | 10746 |
| सारनी | | 10050 | 10587 | 8825 | 8641 |
| आमला | | 3353 | 2842 | 2552 | 2526 |
| मुलताई | | 3789 | 3529 | 3289 | 3266 |
| आठनेर | | 1405 | 1516 | 1218 | 1208 |
| चिचोली | | 1267 | 1164 | 1043 | 1035 |
| बै.बा. | | 1162 | 1062 | 876 | 860 |
| भैंसदेही | | 1281 | 1058 | 906 | 906 |
| शाहपुर | | 1213 | 1522 | 1244 | 1230 |
| घोड़ाडोंगरी | | 1179 | 1185 | 1102 | 1085 |
| टोटल | 37127 | 36294 | 31899 | 31503 | |

### उत्कृष्ट स्कूल के उच्च माध्यमिक शिक्षक संदीप परसाई ने की आत्महत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर के कोठीबाजार क्षेत्र में बस स्टैंड के पास स्थित उत्कृष्ट स्कूल में लंबे समय से अंग्रेजी विषय के शिक्षक के पद पर पदस्थ मिलनसार एवं सरल स्वभाव के धनी 51 वर्षीय संदीप परसाई ने बुधवार को अपने विकासनगर कालापाठा स्थित मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस दौरान उनके घर पर कोई नहीं था। सूचना मिलने पर गंज थाना पुलिस जांच करने में जुट गई है।

**सबसे पहले भतीजी ने चाचा को फंदे पर लटका देखा**

शहर के कालापाठा क्षैत्र में उच्च माध्यमिक शिक्षक संदीप परसाई अपने बड़े भाई के साथ मकान की ऊपरी मंजिल में रहते थे। बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे उनकी भतीजी घर के ऊपरी मंजिल में ऊपर गई तो उसे चाचा फांसी के फंदे पर लटके हुए दिखाई दिए। इस पर उसने नीचे के फ्लोर में रह रहे परिजनों को इसकी जानकारी दी।

**पत्नी और बच्चे थे बाहर और लगा लिया मौत को गले**

इस घटना के समय उनका ग्यारहवीं क्लास में अध्ययनरत होनहार बेटा भव्य आर.डी. पब्लिक स्कूल में कोचिंग अटेंड करने गया हुआ था। वहीं उनकी पत्नी दो दिन पहले अपनी छोटी बेटी जो छटवीं कक्षा में अध्ययनरत है, को लेकर शादी अटेंड करने के लिए अपने मायके उज्जैन गई हुई थी। घटना के समय घर में कोई नहीं था। तभी संदीप ने आत्महत्या करने जैसा कदम उठा लिया। उनका शव घर की छत में पंखा लगाने के हुक से बंधे कपड़े से लटका हुआ था।

बैतूलगंज थाना प्रभारी नीरज पाल ने बताया कि मृतक संदीप के पास से सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उन्होंने लिखा है कि पिछले डेढ-दो माह से भारी अवसाद में हूं, शासकीय कार्य के चौतरफा दबाव से बहुत परेशान चल रहा हूं। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में जनगणना का काम चरणबद्ध तरीके शुरू हो चुका है। यह कार्य शिक्षकों को संयुक्त रूप से करना है। मिलनसार एवं सहयोगी स्वभाव के शिक्षक संदीप परसाई के परिवार के लगभग सभी सदस्य्र सरकारी पदों पर रह चुके हैं और कुछ वर्तमान में सरकारी कर्मचारी है। मृतक श्री परसाई अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा थे । उनके बड़े भाई लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल से उपसंचालक के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं, वहीं दूसरा बड़ा भाई वर्तमान में वन विभाग मुलताई में कार्यरत है, उनके स्वर्गवासी पिता भी वन विभाग में कार्यरत रहे हैं। श्री परसाई काफी मिलनसार, सरल और सहयोगी स्वभाव के थे। उनके इस कदम से सभी लोग हतप्रभ हैं।

**गुरुवार को होगा पीएम और अंत्येष्टि**

शिक्षक संदीप परसाई के आत्महत्या करने की सूचना मिलने से पूरे बैतूल के शिक्षा जगत में शोक की लहर फैल गई। उनके घर पर लोगों के जुटने का सिलसिला शुरू हो गया। देर शाम तक परिवार के सदस्यों के बाहर से नहीं पहुंचने के कारण फिलहाल उनका जिला अस्पताल में पीएम नहीं हो सका है। अब उनका पीएम गुरुवार की सुबह होगा। उनके परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार उनकी अंत्येष्टि गुरुवार 30 अप्रैल को प्रातः 11 बजे कोठीबाजार मोक्षधाम में की जाएगी।

## बैतूल हमारे लिए तीर्थ समान हैः अन्नी भैया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरा



सामाजिक संस्था जन परिषद के उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ एडवोकेट अंकलेश्वर दुबे (अन्नी भैया) ने मुलताई में अपने संक्षिप्त प्रवास के दौरान कहा कि जन परिषद से जुड़े। बैतूल के बाहर के हजारों सदस्यों के लिए बैतूल, सामाजिक तीर्थ के समान है। क्योंकि बैतूल की माटी ने जिस जन परिषद को उसके शैशव काल में संरक्षित एवं पल्लवित किया, वही जन परिषद आज 37 वर्षों बाद एक विशाल वट वृक्ष का रूप ले चुकी है। पूरे देश में उसके 300 चैप्टर हैं । सात चैप्टर्स अन्य देशों में है । उन्होंने कहा कि वे बैतूल के नागरिकों को इस बेमिसाल सामाजिक उपलब्धि के लिए कृतज्ञता पूर्ण बधाई देते हैं। जन परिषद के मुलताई चैप्टर के अध्यक्ष नवीन ओंकार के अनुसार जन परिषद राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक संस्था है, जो कि गत 37 वर्षों से सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों में सक्रिय होने के साथ साथ, कई ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व संदर्भ ग्रन्थों का प्रकाशन कर चुकी है। संस्था पर्यावरण पर बारह अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुकी है। संस्था के इस समय पूरे देश में 300 से अधिक एवं विदेशों में 7 चैप्टर बन चुके हैं। संस्था प्रतिवर्ष उन व्यक्तियों को अलंकृत करती है, जो कि रचनात्मक एवं सामाजिक सुधार के कार्यों को मूर्तरूप दे रहे हैं।

### प्रतिवर्ष गर्मियों में लगाया जाता है प्याऊ

## भामसं द्वारा निर्मित प्याऊ से श्रमिक एवं राहगीरों को मिल रहा शीतल जल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

भारतीय मजदूर ठेका श्रमिक संघ द्वारा लगातार चौथे वर्ष सतपुड़ा पावर प्लांट के मुख्य द्वार एवं सारणी बस स्टैंड के मध्य में गर्मियों के दिनों में 4 मांह के लिए प्याऊ लगाया जाता है। भारतीय मजदूर ठेका श्रमिक संघ के महामंत्री विनोद भारती एवं संरक्षक सुनील भारद्वाज ने बताया की सतपुड़ा प्लांट में कार्य करने वाले ठेका श्रमिको एवं राहगीरों व आम जनों को शीतल जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह प्याऊ लगाया जाता है और सुबह 9 बजे से शाम को 7 तक सभी को शीतल जल उपलब्ध कराया जाता है एवं भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री पंजाबराव गायकवाड़ एवं विभाग प्रमुख विनय डोंगरे के मार्गदर्शन में यह कार्य किया जाता है




उन्होंने बताया भारतीय मजदूर संघ द्वारा सेवा के क्षेत्र में अनेकों कार्य किए जाते हैं उसी विषय को ध्यान में रखकर प्रतिवर्ष प्याऊ लगाया जाता है। नगर के युवा संजय यादव एवं अनिरुद्ध मालवीय ने बताया कि वर्तमान मे भीषण गर्मी पड़ रही है और नगर में कहीं भी कोई दूसरा प्याऊ नहीं है ऐसे में श्रमिक संघ द्वारा शीतल जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगाए गए प्याऊ का कुशल संचालन सराहनीय कार्य है।

### 5 गुना मंडी टैक्स के रूप में 1.19 लाख से अधिक जुर्माना वसूला

## मुलताई मंडी की बड़ी कार्रवाई, अवैध परिवहन पर 16 चक्का ट्रक जब्त




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

कृषि उपज मंडी समिति मुलताई ने अवैध कृषि उपज परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एक 16 चक्का ट्रक को जब्त कर लिया है। मंडी अमले ने इस कार्रवाई में मंडी टैक्स का पांच गुना यानी 1,19,970 की जुर्माना राशि वसूल की है। जानकारी के अनुसार, ट्रक क्रमांक एमपी 12 जेडएफ 9440 को नागपुर रोड स्थित चिचंडा के पास मंडी टीम द्वारा नियमित चेकिंग के दौरान रोका गया। जांच में ट्रक में करीब 354 क्विंटल सोयाबीन भरा हुआ पाया गया। मंडी कर्मचारियों ने जांच के दौरान चालक से मंडी टैक्स से संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा, लेकिन चालक कोई भी वैध दस्तावेज या टैक्स जमा करने का प्रमाण नहीं दे सका। दस्तावेजों के अभाव में मंडी अमले ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रक को जब्त कर लिया। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि उक्त ट्रक मध्यप्रदेश के खंडवा से सोयाबीन भरकर महाराष्ट्र के रास्ते छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव ले जाया जा रहा था। आशंका जताई जा रही है कि मंडी टैक्स से बचने के उद्देश्य से परिवहनकर्ता ने वैकल्पिक मार्ग अपनाया और बिना वैध दस्तावेजों के माल परिवहन किया जा रहा था, जिससे शासन को राजस्व हानि हो सकती थी।

**जांच के बाद नियमानुसार वसूली**

कृषि उपज मंडी सचिव शीला खातरकार ने बताया कि मंडी अमला लगातार टैक्स चोरी रोकने के लिए सक्रिय है। इसी अभियान के तहत इस ट्रक को जब्त कर विस्तृत जांच की गई और नियमानुसार ट्रक मालिक एवं परिवहनकर्ता पर कार्रवाई करते हुए पांच गुना मंडी टैक्स वसूला गया। जुर्माना राशि जमा कराने के बाद विधिवत रसीद भी जारी की गई।

**टैक्स चोरी पर सख्ती जारी रहेगी**

मंडी प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध परिवहन और टैक्स चोरी के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। किसानों और व्यापारियों से अपील की गई है कि वे नियमों का पालन करते हुए ही कृषि उपज का परिवहन करें, ताकि किसी भी प्रकार की कार्रवाई से बचा जा सके।

### मोक्षधाम मोड़ पर हादसा, सड़क पर फैला ऑइल

## मिक्सर मशीन पलटी, बुजुर्ग गंभीर रूप से हुआ घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित मोक्षधाम मोड़ पर बुधवार को एक तेज रफ्तार मिक्सर मशीन अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में वहां से गुजर रहा एक साइकिल सवार बुजुर्ग मशीन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली थाना पुलिस ने क्रेन की मदद से मशीन को हटाकर यातायात बहाल कर दिया है और फरार चालक की तलाश कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार मिक्सर मशीन मोक्षधाम मोड़ से गुजर रही थी। इसी दौरान चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और मशीन सडक़ पर पलट गई। उसी समय वहां से गुजर रहे साइकिल सवार बुजुर्ग इसकी चपेट में आ गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल बुजुर्ग को संभाला और इलाज के लिए बैतूल के जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार बुजुर्ग की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी देवकरण डेहरिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर बैरिकेडिंग कर यातायात रोका और क्रेन की मदद से पलटी हुई मशीन को सीधा कर सडक़ किनारे करवाया, जिसके बाद मार्ग पुनः खोला गया। हादसे के कारण मशीन से बड़ी मात्रा में ऑइल सडक़ पर फैल गया था।

### नरवाई जलाने वाले 11 किसानों पर 37 हजार 500 रुपए जुर्माना, 2 पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने जिले में रबी फसल गेहूं की कटाई के बाद फसल अवशेष नरवाई जलाने पर सख्त प्रतिबंध लगाया है। आदेश का उल्लंघन करने पर 11 किसानों पर राजस्व विभाग ने कार्रवाई करते हुए पर्यावरण क्षतिपूर्ति के तहत कुल 37 हजार 500 रुपए का जुर्माना लगाया है। जानकारी के अनुसार बैतूल विकासखंड में 5 प्रकरणों में 20 हजार रुपए, चिचोली में 2 प्रकरणों में 5 हजार रुपए, आमला में 3 प्रकरणों में 7 हजार 500 रुपए तथा भैंसदेही में 1 प्रकरण में 5 हजार रुपए का दंड अधिरोपित किया गया है। इसके अलावा घोड़ाडोंगरी और भीमपुर विकासखंड के 2 किसानों के खिलाफ नरवाई जलाने के मामले में एफआईआर भी दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि नरवाई जलाना पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है और इससे मिट्टी की उर्वरता पर भी विपरीत असर पड़ता है। किसानों से अपील की गई है कि वे फसल अवशेष प्रबंधन के वैकल्पिक तरीकों को अपनाएं, अन्यथा आदेश का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### जिम्मेदार अधिकारी किसानों की समस्याओं पर नहीं दे रहे ध्यान

## समर्थन मूल्य पर चना खरीदी व्यवस्था चरमराईः सर्वर फेल, अव्यवस्थाएं हाव, किसानों को दो-दो दिन भटकना पड़ रहा, ट्रकों में भरा चना अटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर दिलाने और खरीदी प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य से शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर चना खरीदी शुरू की गई है। लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत नजर आ रही है। अव्यवस्थित खरीदी केंद्र, तकनीकी खामियां और मूलभूत सुविधाओं की कमी ने इस पूरी व्यवस्था को किसानों के लिए बड़ी परेशानी बना दिया है। किसानों का कहना है कि पोर्टल पर लगातार सर्वर डाउन रहने के कारण स्लॉट बुकिंग नहीं हो पा रही है। इसके चलते किसान अपनी उपज बेचने के लिए दो-दो दिनों तक मंडी में भटकने को मजबूर हैं। इतना ही नहीं, सर्वर की समस्या के कारण बिलिंग प्रक्रिया भी पूरी तरह बाधित हो रही है, जिससे खरीदा गया चना परिवहन के लिए आगे नहीं बढ़ पा रहा है।



**एक ही स्थान पर गेहूं-चना खरीदी, जगह कम** -कृषि उपज मंडी परिसर में एक ही स्थान पर गेहूं और चना दोनों की खरीदी की जा रही है। किसानों के अनुसार यह स्थल एक फसल की खरीदी के लिए भी पर्याप्त नहीं है, जिससे अव्यवस्था और भी बढ़ रही है। मंडी में किसानों के लिए पीने के पानी जैसी बुनियादी सुविधा तक उपलब्ध नहीं है, जिससे उनकी परेशानी दोगुनी हो रही है। परिवहन भी प्रभावित, ट्रक खड़े-खड़े हो रहे खराब- सर्वर और बिलिंग की समस्या का असर परिवहन व्यवस्था पर भी साफ दिखाई दे रहा है। ट्रक मालिकों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ट्रक मालिक संजू रघुवंशी के अनुसार, उनके 10 चक्का ट्रक (क्रमांक रूक्क 09 स्न 3948) में करीब 250 क्विंटल चना पिछले दो दिनों से लोड है, लेकिन बिलिंग न होने के कारण ट्रक वहीं खड़ा है।

**समिति ने अब तक खरीदा 3066 क्विंटल चना**

कृषि उपज मंडी परिसर में समर्थन मूल्य पर चना खरीदी का कार्य बहुउद्देशीय सेवा सहकारी समिति मर्यादित परमंडल द्वारा किया जा रहा है। संस्था प्रबंधक देवीदास नरवरे के अनुसार, 8 अप्रैल से शुरू हुई खरीदी में अब तक 3066 क्विंटल चना खरीदा जा चुका है। समिति अपने संसाधनों के माध्यम से सुबह से रात तक अधिक से अधिक किसानों की उपज खरीदने का प्रयास कर रही है। किसानों ने मांग की है कि भीड़ और अव्यवस्था को देखते हुए नजदीकी उपज गोदामों को भी खरीदी केंद्र बनाया जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके और खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से चल सके।

**प्रयास कर रहे हैं**

सर्वर, स्लॉट बुकिंग, बिलिंग और स्थान की समस्याएं हमारे स्तर की नहीं हैं। इसके बावजूद हम लगातार प्रयास कर रहे हैं कि अधिक से अधिक किसानों की उपज समय पर खरीदी जा सके।

— देवीदास नरवरे,संस्था प्रबंधक, बहुउद्देशीय सेवा सहकारी

## मंदिर ट्रस्ट पर करोड़ों के घोटाले के आरोप, कलेक्टर ने बनाई जांच टीम

# जनसुनवाई में उठी आवाज ने पकड़ा तूल, जमीन नीलामी और लेनदेन पर गंभीर सवाल, जांच शुरू

ग्राम बराखड़ कला में स्थित मंदिर ट्रस्टों को लेकर कलेक्टर ने जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। जांच का विषय होगा कि श्री महावीर जी मंदिर ट्रस्ट क्रमांक 22155 और राम जानकी राधा कृष्ण मंदिर ट्रस्ट प्रक्रिया, कॉलोनी विकास और वित्तीय लेनदेन में अनियमितताएं हुई हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा

सिवनी मालवा तहसील के ग्राम बराखड़ कला में स्थित मंदिर ट्रस्टों को लेकर उठे विवाद ने अब बड़ा प्रशासनिक रूप ले लिया है। जनसुनवाई में पेश शिकायतों के बाद कलेक्टर नर्मदापुरम ने मामले को गंभीर मानते हुए जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। आरोप है कि श्री महावीर जी मंदिर ट्रस्ट क्रमांक 22155 और राम जानकी राधा कृष्ण मंदिर ट्रस्ट क्रमांक 232/55 में जमीन के उपयोग, नीलामी प्रक्रिया, कॉलोनी विकास और वित्तीय लेनदेन में बड़े स्तर पर अनियमितताएं हुई हैं। इन आरोपों के सामने आने के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और लोगों की नजरें अब जांच रिपोर्ट पर टिक गई हैं।



### स्थानीय जनता की निगाहें जांच पर, निष्पक्ष कार्रवाई की उम्मीद

मामले के सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में चर्चा का माहौल है और सभी की निगाहें अब जांच टीम की रिपोर्ट पर टिकी हैं। लोगों का मानना है कि यदि अनियमितताएं साबित होती हैं तो जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, वहीं यदि आरोप गलत पाए जाते हैं तो ट्रस्ट की छवि भी स्पष्ट होनी जरूरी है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि जांच पूरी पारदर्शिता के साथ की जाएगी और रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्रवाई तय होगी।

### जांच दल का गठन और स्पष्ट निर्देश

कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एक उच्च स्तरीय जांच दल गठित किया गया है। इस दल का नेतृत्व डिप्टी कलेक्टर नर्मदापुरम को सौंपा गया है, जबकि तहसीलदार सिवनी मालवा, नायब तहसीलदार और अन्य राजस्व अधिकारी इसमें सदस्य बनाए गए हैं। टीम को निर्देशित किया गया है कि ट्रस्ट से जुड़े सभी वित्तीय, प्रशासनिक और भूमि संबंधी मामलों की बारीकी से जांच कर ठोस तथ्य सामने लाए जाएं। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि जांच पूरी तरह निष्पक्ष होगी और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### शिकायतकर्ता नीरज तिवारी का पक्षः "आस्था के नाम पर निजी लाभ बर्दाश्त नहीं"

शिकायतकर्ता नीरज तिवारी ने आरोप लगाते हुए कहा कि मंदिर ट्रस्ट की संपत्तियों का उपयोग निजी हितों के लिए किया जा रहा है। उनका कहना है कि वर्षों से ट्रस्ट की जमीन और आय का सही उपयोग नहीं हुआ और आम जनता से यह जानकारी छिपाई गई। तिवारी ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि धार्मिक संस्थाओं में पारदर्शिता और विश्वास कायम रह सके।

### जमीन व दान राशि तक सवाल

शिकायतों में कहा गया है कि मंदिर ट्रस्ट की भूमि का उपयोग नियमों के विपरीत किया गया है और नीलामी प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव रहा है। आरोप है कि ट्रस्ट की जमीन को बिना उचित प्रक्रिया के उपयोग में लिया गया, कॉलोनियां विकसित की गईं और दुकानों का निर्माण कर आर्थिक लाभ कमाया गया। इसके साथ ही दान और धार्मिक आयोजनों से प्राप्त राशि के उपयोग पर भी सवाल उठाए गए हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इन सभी लेनदेन का स्पष्ट और पारदर्शी हिसाब उपलब्ध नहीं कराया गया।

### ट्रस्ट की ओर से यज्ञेश तिवारी का जवाबः "सभी आरोप निराधार"

शिकायतकर्ता नीरज तिवारी ने आरोप लगाते हुए कहा कि मंदिर ट्रस्ट की संपत्तियों का उपयोग निजी हितों के लिए किया जा रहा है। उनका कहना है कि वर्षों से ट्रस्ट की जमीन और आय का सही उपयोग नहीं हुआ और आम जनता से यह जानकारी छिपाई गई। तिवारी ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि धार्मिक संस्थाओं में पारदर्शिता और विश्वास कायम रह सके।

### भूमि उपयोग, अतिक्रमण और निर्माण पर विवाद

मामले में यह भी आरोप सामने आया है कि ट्रस्ट की भूमि पर नाले के ऊपर अतिक्रमण कर निर्माण किए गए हैं और बिना अनुमति दुकानों का संचालन हो रहा है। कॉलोनी विकास के नाम पर जमीन का उपयोग किस प्रक्रिया के तहत हुआ, इस पर भी संदेह जताया गया है। इन सभी बिंदुओं ने मामले को और गंभीर बना दिया है, जिसके चलते प्रशासन ने तत्काल जांच टीम गठित कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मानसिक अस्वस्थ बालिका 4 घंटे में सकुशल मिली

### पुलिस की तत्परता से परिजनों ने ली राहत की सांस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा

29 अप्रैल को थाना सिवनी मालवा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि नंदरबाडा बायपास क्षेत्र से एक मानसिक रूप से अस्वस्थ नाबालिग बालिका खुशबू उर्फ लड्डू, पिता शमीर खान, उम्र लगभग 8 वर्ष, सुबह करीब 9 बजे घर से कहीं चली गई है। बालिका गुलाबी टी-शर्ट और सफेद चड्डा पहने हुई थी। सूचना मिलते ही मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर अपने पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और बालिका की तलाश शुरू कर दी गई।

### त्वरित कार्रवाई और सर्च ऑपरेशन

थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर के नेतृत्व में उपनिरीक्षक नागेश वर्मा, आरक्षक कपिल जाट, आरक्षक अर्जुन गुर्जर एवं आरक्षक रविन्द्र की टीम ने क्षेत्र में सघन सर्च अभियान चलाया। साथ ही बालिका की जानकारी सोशल मीडिया पर भी साझा की गई, जिससे आम नागरिकों से सहयोग प्राप्त हो सके। पुलिस द्वारा मुख्य मार्गों, बस स्टैंड और आसपास के इलाकों में लगातार तलाश की गई।

### बस स्टैंड पर सकुशल मिली बालिका

लगभग दोपहर 1 बजे पुलिस टीम को सूचना मिली कि बालिका मुख्य मार्ग पर देखी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस स्टाफ ने परिजनों को साथ लेकर खोजबीन तेज की और कुछ ही देर में बस स्टैंड क्षेत्र से बालिका को सकुशल बरामद कर लिया। इसके बाद बालिका को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी संभावित स्थानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया। सोशल मीडिया का भी प्रभावी उपयोग किया गया, जिससे कम समय में बालिका की लोकेशन मिल सकी। उन्होंने कहा कि "बच्चों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। ऐसे मामलों में पुलिस हर संभव प्रयास करती है कि बच्चे जल्द से जल्द सकुशल मिल जाएं।"

## समाधान : राजस्व तथा नप के कर्मचारियों ने खुलवाया रास्ता, हटाया गया अतिक्रमण

### 80 वर्षीय आवेदक को बहुत परेशानी को देखते हुए कलेक्टर ने दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर राजस्व विभाग एवं नगर परिषद के कर्मचारियों ने बुधवार को शहर में एक अतिक्रमण को हटाया व रास्ता खुलवाया है। मामले की शिकायत जन सुनवाई में होने के बाद नर्मदापुरमकलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई की गई है।

उल्लेखनीय है कि आवेदक भगवान दास डोंगरे निवासी गौतम वार्ड सोहागपुर ने गत दिवस जन सुनवाई में शिकायत की थी। जिसमें उल्लेख था कि उसके घर के सामने सरकारी रास्ते पर बब्लू कदारी एवं मुन्ना कदारी द्वारा अपने बेल्डिंग का काम किया जाता है। बेल्डिंग मशीन की आवाज एवं शोरगुल के कारण 80 वर्षीय आवेदक को बहुत परेशानी होती है।



आवेदक डोंगरे ने रास्ते पर अतिक्रमण होने, लोहा रखने शासकीय नाले पर अतिक्रमण किए जाने एवं जान से मारने की धमकी देने का उल्लेख भी आवेदन में किया था। तथा नर्मदापुरम कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर एसडीएम प्रियंका भलावी ने तत्काल अतिक्रमण हटाने के आदेश दिये। तब बुधवार दोपहर राजस्व विभाग से पटवारी नागेश निवारिया तथा नप सहायक राजस्व निरीक्षक संजय परसाई ने दल सहित पहुंचकर रास्ता खुलवाया और रास्ते से लोहे व टीन सामग्री हटाई है।

## नीर पखेरूः पक्षियों के लिए की जा रही दाना-पानी की व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

जिला प्रशासन द्वारा 'एक सकोरा पानी-पक्षियों की जिंदगानी' थीम पर पंछियों की सुरक्षार्थ किये जा रहे अभियान का सफल क्रियान्वयन जिला क्षेत्र में हो रहा है सोहागपुर क्षेत्र में अधिकारियों द्वारा अपने कार्यालयों में पंछियों के लिये पानी के सकोरे बांधे जा रहे हैं। अभियान अंतर्गत शासकीय कार्यालयों में पक्षियों के लिए पानी एवं भोजन की व्यवस्था करते हुए कार्यालय परिसरों तथा आसपास के वृक्षों पर पानी के सकोरे एवं घोंसले स्थापित किये जा रहे हैं। यह अभियान कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार संचालित किया जा रहा है।

## आगामी नेशनल लोक अदालत के आयोजन को लेकर बैठक का हुआ आयोजन, बनी व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र सहित अन्य सभी लोगों को जागरूक करने के लिए शासन की मंशानुरूप आने वाले शनिवार को पिपरिया न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए न्यायालय परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेश अनुसार आधिकारिक प्रकरणों के निराकरण हेतु अधिवक्ता संघ अध्यक्ष धर्मेन्द्र नागवंशी सचिव वेद प्रकाश भार्गव सह सचिव राजेश रजक बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं के साथ राजेश कुमार अग्रवाल प्रथम जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा संबंधित अधिवक्ताओं को प्रेरित किया गया। लोक अदालत के लाभ के बारे में जानकारी दी गई। पक्षकारों को लोक अदालत में बिजली विभाग, नगरपालिका परिषद, बैंक सहित अन्य सभी लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। सिविल आपराधिक मामले चैक बाउंस मामले मोटर दुर्घटना क्लेम विद्युत पारिवारिक विवाद श्रमिक सहकारिता विभाग एवं अन्य सभी प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामा के आधार पर किया जाएगा। उक्त बैठक में राजेश कुमार अग्रवाल प्रथम जिला न्यायाधीश मनीष कुमार पारीक न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अखिलेश चांडक न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दिशा चांडक सहित अन्य सभी पदाधिकारियों अधिवक्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।



### ब्रज भारती बड़गूजर बने जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ के महासचिव

**माखननगर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर संगठन प्रभारी डॉ संजय कामले की सहमति से जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विवेक सिंह तोमर ने प्रबंध समिति की सूची जारी की है। जिसमें नगर के कांग्रेस नेता ब्रज भारती बडगूजर को प्रदेश महासचिव बनाया है ब्रज भारती बडगूजर की नियुक्ति पर कांग्रेसियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए वरिष्ठ नेतृत्व का आभार प्रकट किया है। साथ ही पार्टी के कार्यकर्ताओं से साथियों ने श्री भारती को बधाई दी।

## विद्यालय खुलने के पहले ही बेटियों को बांटी गई साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र के सभी सरकारी शिक्षण संस्थानों के छात्र छात्राओं को पहली बार विद्यालय प्रारंभ होने के पूर्व ही साइकिल वितरण किया गया। पुस्तक वितरण भी किया जा चुका है। यूनिफॉर्म की राशि मिलना शेष है। सांदीपनि विद्यालय परिसर में सरकार द्वारा निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।यह योजना विद्यालय परिसर से 3किलोमीटर से लेकर और दूरी तक के विद्यार्थियों के लिए संचालित होती है। कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी पूर्व जिला सतर्कता निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी राजा भैया पटेल जनपद पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल जनपद सदस्य कमला बाई रघुवंशी नरसिंह रावत सहित अन्य सभी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों के साथ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान तहसीलदार वैभव बैरागी विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री लाल रघुवंशी भी आर सी प्रदीप शर्मा विनय मोहन शर्मा प्राचार्य अरविंद रघुवंशी ना कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्राचार्य संजीव दुबे सहित विकास खण्ड के विद्यालय के सभी सरकारी शिक्षण संस्थानों के शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित कर साईकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर सांसद ने शिक्षा नीति सहित अन्य योजनाओं पर प्रकाश डाला गया।



### नीट यूजी 2026 के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**नर्मदापुरम।** अपर मुख्य सचिव म.प्र. शासन भोपाल के निर्देश अनुसार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा नीट यूजी की परीक्षा 3 मई को आयोजित की जाएगी। परीक्षा दोपहर 2 से 5 बजे तक जिले के 03 परीक्षा केन्द्रों पर ओएमआर आधारित पद्धति से होगी। तत्संबंध में कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा परीक्षा के संचालन हेतु कलेक्टर कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। परीक्षार्थी परीक्षा संबंधी जानकारी या किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की शिकायत के लिए कंट्रोल रूम के टेलीफोन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

## कालेज में प्रवेश हेतु हेल्प डेस्क की सहायता ले सकते हैं विद्यार्थीः प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर

श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में नवीन सत्र 2026-27प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने हेतु महाविद्यालय में तैयारीयां पूर्ण कर ली गई है महाविद्यालय प्रवेश प्रभारी डॉ आई एस कनेश ने बताया कि सोहागपुर विधानसभा के एकमात्र शासकीय महाविद्यालय में विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय में स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम संचालित है।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर नीता चौबे व नोडल अधिकारी डॉ अमिताभ शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय में शासन द्वारा चलाई जा रहे विभिन्न योजनाओं का लाभ नियमित प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को मिलता है, इसमें गांव की बेटी ,प्रतिभा किरण आवास योजना अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ विद्यार्थियों को दिया जाता है। अनुसूचित जाति ,जनजाति के नियमित अध्यनरत छात्र -छात्राओं को निशुल्क पुस्तकें एवं स्टेशनरी का वितरण कालेज द्वारा किया जाता है ।

### पुलिस ने सामूहिक विवाह सम्मेलन में किया अनूठा प्रयास

# दुल्हनों ने अपने-अपने दूल्हे से मांगे 10 वचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर पुलिस ने दोपहिया चालकों की हेलमेट पहनने की अनिवार्यता पर ग्राम चारगांव में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में अनूठा प्रयास किया है। जिसमें दुल्हनों ने अपने-अपने दूल्हे से विवाह दौरान सात नहीं, बल्कि 10 वचन निभाने का वादा मांगा है।

सोहागपुर एसडीओपी संजू चौहान तथा थाना प्रभारी राहुल रायकवार के निर्देशानुसार पुलिसकर्मी बुधवार को चारगांव विवाह सम्मेलन में पहुंचे। वहां उन्होंने दुल्हनों से कहा कि वे अपने-अपने दूल्हे से सात पारंपरिक वचनों के अलावा तीन वचन और मांगें। तीन अतिरिक्त वचनों में शामिल है कि दूल्हे दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाएंगे, शराब पीकर वाहन नहीं चलाएंगे तथा तय गति सीमा से अधिक गति में वाहन नहीं चलाएंगे। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने एएसआई गणेश राय के साथ सम्मेलन में उपस्थित होकर यह अनूठा जागरूकता कार्यक्रम किया है।



एएसआई गणेश राय के अनुसार हेलमेट धारण न करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस द्वारा कार्यवाही का विशेष अभियान 26 अप्रैल से 10 मई तक संचालित किया जाऐगा। अभियान सोहागपुर थाना क्षेत्र में भी संचालित किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार सड़क दुर्घटनाओं में हेलमेट ना पहनने के कारण मृत्यु दर बढ़ रही है। अतः चालानी कार्रवाई के साथ लोगों को हेलमेट लगाने के लिए जागरुक किया जा रहा है। इसी तारतम्य में चारगांव के सामूहिक विवाह सम्मेलन में आऐ लोगों से वार्तालाप की गई। सम्मेलन में आए नव जोड़ों को बधाई दी एवं शादी के सात वचनों के अलावा दुल्हनों ने वचन स्वरूप दूल्हों से तीन और वचन मांगे हैं। सोहागपुर थाने से मिली जानकारी अनुसार बीते चार दिनों में हेलमेट धारण ना करने वाले 38 लोगों से 11,400 रुपये का समन शुल्क वसूल किया गया है।

## मनोज खंडेलवाल स्मृति विधायक ट्रॉफी नाइट क्रिकेट स्पर्धा शुरू

### प्रतियोगिता आयोजन के तीसरे सीजन की हुई रेलवे ग्राउंड पर शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

स्व. मनोज खंडेलवाल स्मृति विधायक ट्रॉफी नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट मंगलवार रात से शुरू हो गया है। इस बार सोहागपुर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का तृतीय सीजन है। जो स्थानीय रेल्वे ग्राउंड पर टेनिस बॉल से खेला जाऐगा।

आयोजन के शुभारंभ में तीन मैच खेले गऐ। पहला मैच शिवांश क्लब और 72 फाइटर्स के बीच खेला गया, जिसमें शिवांश क्लब ने जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला रामगंज टाइगर और 72 फाइटर्स के मध्य खेला गया जिसमें 72 फाइटर्स ने जीत दर्ज की। तीसरा मैच रामगंज टाइगर और शिवांश क्लब के बीच खेला गया जिसमें रामगंज टाइगर ने जीत दर्ज की।

इस दौरान अतिथि रूप मे नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल, भाजपा सोहागपुर मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, पार्षद शकुन बाई सराठे, वरिष्ठ भाजपाई कृष्णा पालीवाल, विजय नन्नू छाबड़िया, भगवान सिंह पटेल बमारी, गौरव मोंटू अग्रवाल, यशवंत पटेल, शंकरलाल मालवीय, दशरथ रघुवंशी, थाना प्रभारी राहुल रायकवार, सुरेंद्र ऊदल रघुवंशी, सुरेश कुशवाहा सरपंच, नितिन कहार, भाजपा सोहागपुर मंडल महामंत्री ऋषभ गढ़वाल, नीरज यादव, यश खंडेलवाल तथा अन्य भाजपा नेता उपस्थित रहे। एम्पायरिंग शिवम दुबे, ऋषभ रघुवंशी, नीरज कापरे, अभिषेक, हैदर, जतिन साहू ने की। स्कोरिंग प्रवेश चौहान, परिणय मालवीय, सिद्धार्थ मौर्य, विशाल मालवीय, मानस दीवान, अरबाज ने की। कमेंट्री अंकित श्रोती और पवन चौहान पत्रकार ने की।





### प्रतिदिन तीन मैच होंगे

आयोजन संयोजक पार्षद आशीष विश्वकर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रतिदिन शाम सात बजे से तीन मैच खेले जाऐंगे। पार्षद आशीष विश्वकर्मा ने कहा कि लीग मैचों के बाद अगले दौर के मैच होंगे एवं प्रतियोगिता का समापन भव्य होगा। उल्लेखनीय है कि जनप्रिय भाजपा नेता रहे पूर्व विधायक प्रतिनिधि स्व. मनोज खंडेलवाल की स्मृति में यह आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। स्व. खंडेलवाल के प्रति भाजपाइयों द्वारा किये जाने वाले इस आयोजन की क्रिकेट प्रेमियों ने प्रशंसा की है। प्रतियोगिता का लाइव प्रसारण भी यू ट्यूब चैनल पर किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में कैंपस ड्राइव आज

**हरदा।** युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में एक टायर्स लिमिटेड कम्पनी की कैम्पस ड्राइव 30 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से आयोजित की गई है। प्राचार्य शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा ने बताया कि यह कैम्पस ड्राइव 'डिप्लोमा अप्रेंटिस ट्रेनी' और स्टूडेंट ट्रेनी के पदों के लिए है। कैम्पस ड्राइव में डिप्लोमा अप्रेंटिस ट्रेनी के पद के लिये शैक्षणिक योग्यता मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, टूल एंड डाई, ऑटोमोबाइल आदि शाखा में 2023, 2024 व 2025 के पास आउट और 2026 के अंतिम वर्ष के विद्यार्थी सम्मिलित हो सकते है।

### खेल प्रशिक्षण शिविर संबंधी बैठक आज

**हरदा।** जिला एवं विकासखंड स्तर पर 1 मई से 30 जून के मध्य ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी उमा पटेल ने बताया कि शिविर के आयोजन की रूपरेखा, अवधि, तिथि, समय, स्थान, प्रशिक्षकों की उपलब्धता तथा खेल प्रशिक्षण शिविर के संबंध में विस्तृत विचार विमर्श हेतु बैठक 30 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होगी।

### कॉलेज चलो अभियान का दूसरा चरण प्रारंभ

**हरदा।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 में विद्यार्थियों को महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए प्रेरित करने के लिए कॉलेज चलो अभियान का दूसरा चरण चलाया जा रहा है। विभाग द्वारा इस संबंध में दिशा निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिकतम पात्र विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोड़ना तथा प्रवेश प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं छात्र हितैषी बनाना है। विभाग द्वारा जारी किए गए निर्देश अनुसार सभी महाविद्यालयों में प्रवेश सहायता केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। कक्षा 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों से संपर्क कर उनका पंजीयन सुनिश्चित किया जाएगा। एनसीसी/एनएसएस के सहयोग से ड्रॉप-आउट विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें पुनः शिक्षा से जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे। इसके साथ ही विकासखंड स्तर पर "प्रवेश मेले" आयोजित किए जाएंगे तथा मच्तंअमी ऐप व पोर्टल के माध्यम से पंजीयन को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही, छात्राओं एवं कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। विभाग की यह पहल अधिकाधिक विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### गेहूं उपार्जन के लिए 23 मई तक स्लॉट बुकिंग

**हरदा।** जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी का कार्य 10 अप्रैल से किया जा रहा है। जिला आपूर्ति अधिकारी बासुदेव भदोरिया ने बताया कि समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिये स्लॉट बुकिंग की तिथि 23 मई 2026 तक बढ़ाई गई है। पूर्व में यह तिथि 9 मई निर्धारित की गई थी। भदोरिया ने किसान बन्धुओं से अनुरोध किया है कि 23 मई से पूर्व गेहूं उपार्जन हेतु स्लॉट बुक करें।

### महाविद्यालयीन प्रवेश प्रक्रिया 1 मई से प्रारंभ

**सीहोर।** उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत प्रदेश के समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों एवं एनसीटीई पाठ्यक्रम संचालित करने वाले महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 1 मई से 30 जून तक संचालित की जाएगी। विद्यार्थियों के लिए, प्रवेश प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाने के लिए इस वर्ष भी इसे तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा, इसमें दो केंद्रीकृत चरण एवं एक सीएलसी चरण सम्मिलित रहेगा। विद्यार्थी मोबाइल ऐप (ePravesh) एवं ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल के माध्यम से घर बैठे पंजीयन कर सकेंगे। विशेष बात यह है कि इस सत्र से विद्यार्थी ePravesh ऐप के माध्यम से पंजीयन प्रारंभ कर सकते हैं, जबकि विकल्प चयन 1 मई से प्रारंभ होगा। पंजीयन शुल्क NCTE एवं परंपरागत पाठ्यक्रमों के लिए ₹100 निर्धारित किया गया है।

### हरदा में अमृत भारत एक्सप्रेस का किया भव्य स्वागत

# बनारस-हड़पसर-बनारस ट्रेन से व्यापार पर्यटन व यात्री सुविधा बढ़ेगी: उइके






हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री डी.डी. उइके ने कहा कि बनारस-हड़पसर-बनारस अमृत भारत एक्सप्रेस के प्रारम्भ होने से हरदा एवं आसपास के क्षेत्र को व्यापार, पर्यटन एवं यात्री सुविधा का बढ़ावा मिलेगा। यह ट्रेन आधूनिक रेल सुविधाओं से सुसज्जित है। इस ट्रेन का सबसे बड़ा लाभ मध्यम एवं सामान्य दर्जे के यात्रियों को होगा। उन्होने कहा कि इस ट्रेन के प्रारम्भ होने से क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चल रही मांग पूरी हुई है। जिले में मिली इस सुविधा का स्वागत है। श्री उइके बुधवार को हरदा में पहली बार अमृत भारत एक्सप्रेस पहुँचने पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक डॉ. आर.के. दोगने, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, पूर्व मंत्री कमल पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, सदस्य जेडआरयूसीसी सुयोग सोनी, नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेड़िया सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों ने हरदा रेल्वे स्टेशन पर अमृत भारत एक्सप्रेस का भव्य स्वागत किया एवं यहां से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। अतिथियों ने रेल चालक दल का भी शॉल, श्रीफल एवं पुष्पहार से स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. आर.के. दोगने ने कहा कि इस ट्रेन से जिले के यात्रियों को पुणे से बनारस के बीच आवागमन सुविधा मिलेगी। उल्लेखनीय है कि अमृत भारत एक्सप्रेस का गत दिवस बनारस में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में अपर मण्डल रेल प्रबन्धक अविराम खरे ने अपने संबोधन में बताया कि 110 कि.मी. प्रति घण्टे की स्पीड तक चलने वाली इस अमृत भारत एक्सप्रेस को अत्याधूनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। इस ट्रेन में प्रत्येक सीट पर मोबाइल चार्जिंग एवं स्नेक टेबल की सुविधा रहेगी। ट्रेन की सीटों को आरामदायक बनाया गया है। ट्रेन में स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखा गया है। इस ट्रेन में 22 कोच रहेंगे। खरे ने बताया कि गाड़ी संख्या 02531 बनारस-हडपसर-बनारस अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन भोपाल मंडल के बीना, रानी कमलापति, नर्मदापुरम, इटारसी एवं हरदा स्टेशनों से होकर गुजरेगी। यह ट्रेन भोपाल मंडल के बीना में 05.15 बजे पहुँचेगी तथा 05.20 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार रानी कमलापति में आगमन 07:35 बजे, प्रस्थान 07:40 बजे, नर्मदापुरम में आगमन 08:50 बजे, प्रस्थान 08:55 बजे, इटारसी में आगमन 09:25 बजे, प्रस्थान 09:30 बजे तथा हरदा में आगमन 10:20 बजे तथा प्रस्थान 10:25 बजे होगा। इसके पश्चात यह ट्रेन खंडवा, भुसावल, जलगांव, मनमाड, कोपरगांव, अहिल्यानगर एवं दौंड कॉर्ड लाइन होते हुए अगले दिन 00:55 बजे हडपसर पहुंचेगी। इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। साथ ही प्रदर्शनी का भी आयोजन किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र-छात्राओं को पुरूस्कृत भी किया। कार्यक्रम में सीनियर डीबीएम वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक श्याम सिंह बरेडिया, कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, पुलिस अधीक्षक शशांक सहित रेल्वे के अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा

# मुख्यमंत्री ने पेंशन हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित की



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत प्रदेश के 33 लाख से अधिक पेंशन हितग्राहियों के खातों में 200.71 करोड़ रूपये की राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण किया। इस अवसर पर हरदा के कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में मंत्रालय में आयोजित हितलाभ वितरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग कमलेश सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी व हितग्राही उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत जिले के 38249 हितग्राहियों के खाते में 2.29 करोड़ रूपये से अधिक की राशि अंतरित की। इस दौरान इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तजन पेंशन योजना के तहत 687, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 13622, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के तहत 4171, कन्या अभिभावक पेंशन योजना के तहत 390, दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन सहायता के तहत 887, मुख्यमंत्री अविवाहिता पेंशन योजना के तहत 17, मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा कल्याणी पेंशन योजना के तहत 11886, मंदबुद्धि अथवा बहुविकलांग को आर्थिक सहायता के तहत 713, वृद्धाश्रम में निवासरत अंतःवासियों को पेंशन योजना के तहत 12, सामाजिक सुरक्षा निःशक्तजन पेंशन योजना के तहत 4527, सामाजिक सुरक्षा परित्यक्ता पेंशन योजना के तहत 181 तथा सामाजिक सुरक्षा वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 1156 हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित की।

**38249 हितग्राहियों के खाते में 2.29 करोड़ अंतरित**

# दल बदल राजनीति लोकतंत्र के लिए घातकः दिग्विजय सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी और दलबदल की राजनीति पर करारा हमला बोला है। सीहोर प्रवास के दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने आम आदमी पार्टी छोडक़र भाजपा का दामन थामने वाले सांसदों को आड़े हाथों लिया और उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर बड़ी टिप्पणी की।

दिग्विजय सिंह ने विशेष रूप से उन सांसदों पर निशाना साधा जो अपनी मूल पार्टी के साथ गद्दारी कर भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कड़े लहजे में कहा कि जो सांसद अपनी निष्ठा बदलकर और निजी हितों के लिए भाजपा में गए हैं, उनका सत्यानाश हो जाएगा। सिंह ने कहा कि जनता ऐसे अवसरवादी नेताओं को कभी माफ नहीं करती और दलबदल की यह राजनीति लोकतंत्र के लिए घातक है।

### महिला आरक्षण पर केंद्र को घेरा

महिला आरक्षण बिल के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की नीयत कभी साफ नहीं रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मुद्दे पर देश से लगातार झूठ बोला जा रहा है। सिंह ने कहा यदि सरकार वास्तव में महिलाओं को अधिकार देना चाहती है तो परिसीमन और जनगणना जैसे बहाने क्यों बनाए जा रहे हैं। इसे भविष्य के बजाय तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना चाहिए।

### यूपी चुनाव से ही लागू हो आरक्षण

दिग्विजय सिंह ने सुझाव दिया कि यदि सरकार की मंशा नेक है तो आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों से ही महिला आरक्षण की शुरुआत कर देनी चाहिए।

उन्होंने जोर देकर कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में भी आरक्षण लागू करना पूरी तरह संभव है, लेकिन सरकार केवल श्रेय लेने और समय टालने की राजनीति कर रही है। विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे ऑपरेशन लोटस के आरोपों को हवा देते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को डराया-धमकाया जा रहा है।

# 45 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 45 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत मौजूद रहे।

# रेलवे ट्रैक के पास धधकी नरवाई की आग से रेल दुर्घटनाओं का खतरा मंडराया

### स्टेशन से महज आधा किलो मीटर दूर तक खेत में घंटों उठती रहीं लपटें



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरु के. द्वारा नरवाई जलाने पर लगाए गए सख्त प्रतिबंध के बावजूद कुछ लोग अपनी लापरवाही से बड़ी दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। ताजा मामला सीहोर रेलवे स्टेशन से महज आधा किलोमीटर दूर उज्जैन की तरफ जाने वाले रेलवे ट्रैक का है, जहां रेलवे पटरी से मात्र 100 फीट की दूरी पर एक खेत में नरवाई जला दी गई। घंटों तक उठती आग की लपटों ने न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया, बल्कि रेल यातायात के लिए भी गंभीर खतरा पैदा कर दिया।

हैरत की बात यह है कि जिस वक्त खेत की नरवाई में आग लगाई गई, वह करीब 3 से 4 घंटे तक धधकती रही। इस दौरान रेलवे ट्रैक से कई यात्री और मालगाडियां गुजरीं। आग की लपटें और उड़ती चिंगारियां किसी भी बड़ी ट्रेन दुर्घटना का कारण बन सकती थीं। जहां आसपास के किसानों ने समझदारी दिखाते हुए खेतों में रोटरवेटर चलाकर नरवाई का निपटारा किया है, वहीं इस विशेष खेत के मालिक ने नियमों को ताक पर रखकर आग लगा दी, जिससे पूरा खेत अब काला नजर आ रहा है।

**नरवाई जलाने के घातक परिणाम**

मिट्टी की उर्वरता का नाशः आग लगने से जमीन के भीतर मौजूद मित्र कीट और सूक्ष्म जीव मर जाते हैं, जिससे मिट्टी की उपजाऊ शक्ति कम हो जाती है।
भारी आर्थिक नुकसानः आग फैलने पर ट्रैक्टर, पंप हाउस और पास में रखी फसलें जलकर राख हो जाती हैं।
स्वास्थ्य को नुकसानः जहरीला धुआं सांस की बीमारियां पैदा करता है और पर्यावरण को प्रदूषित करता है।
आगजनी का खतराः गर्मी और तेज हवाओं के कारण छोटी सी चिंगारी विकराल आग का रूप ले लेती है, जो बस्तियों तक पहुंच सकती है।

### शेखपुरा की घटना से भी नहीं लिया सबक

प्रशासन की सख्ती के पीछे ठोस कारण हैं, जिसकी एक बानगी सोमवार को ही शेखपुरा गांव में देखने को मिली। वहां एक किसान मांगीलाल के खेत में अचानक लगी आग ने विकराल रूप ले लिया था। इस हादसे में किसान के दो ट्रैक्टर, एक जनरेटर, कृषि उपकरण और भारी मात्रा में भूसा जलकर राख हो गया। पीड़ित किसान को करीब 25 लाख रुपए का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। यदि समय रहते फायर ब्रिगेड और ग्रामीण सक्रिय न होते तो आग पास की बस्ती तक पहुंच सकती थी।

**नरवाई जलाने पर कड़े दंड का प्रावधान :** बता दें कलेक्टर ने नरवाई जलाने को लेकर स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। नियमों का उल्लंघन करने पर 2500 रुपए से लेकर 10 हजार रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है। इसके साथ ही जिला प्रशासन ने ऐसे किसानों के स्लॉट बुक (उपज बेचने की प्रक्रिया) करने पर भी रोक लगा दी है। बावजूद इसके चोरी-छिपे आग लगाने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं।

# कायाकल्प योजना के तहत किया जा रहा 91 लाख की लागत से मार्केट की सड़कों का डामरीकरण



**सीहोर।** शहर के छावनी स्थित मार्केट में कायाकल्प योजना के अंतर्गत 91 लाख की लागत से डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसको लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने शहर के वार्ड क्रमांक 28 के गांधी रोड पर पहुंचकर कार्य का निरीक्षण किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्षद और क्षेत्रवासी मौजूद थे। जानकारी के अनुसार शहर में करोड़ों रुपए के विकास कार्य किए जा चुके है। नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने यहां पर मौजूद क्षेत्रवासियों से साफ-सफाई को लेकर चर्चा भी की। इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने बताया कि रात्रि को भी शहर में नगर पालिका के अमले के द्वारा सफाई कार्य किया जाता है। नगर पालिका के इंजीनियर विजय कोली ने बताया कि शहर के छावनी स्थित मार्केट में डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है।

### अस्पतालों में बनी हीट स्ट्रोक यूनिट, अंचल में लगातार बढ़ रहे मरीज

# सीहोर-श्यामपुर मार्ग पर पिघला डामर, जिले में तापमान पहुंचा 44.5 डिग्री सेल्सियस पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में भीषण गर्मी और राजस्थान से आ रही गर्म हवाओं के कारण अधिकतम तापमान 44.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मंगलवार को तेज गर्मी के चलते सीहोर-श्यामपुर मार्ग पर सड़क का डामर पिघलना शुरू हो गया है। अप्रैल महीने में पिछले दो दिनों से पारा 44 डिग्री के पार बना हुआ है, जिसने गर्मी के कई पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

लू और हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी करते हुए जिले के सभी अस्पतालों में 'हीट स्ट्रोक मैनेजमेंट यूनिट' और ओआरएस कॉर्नर स्थापित कर दिए हैं।



### मई 2024 के बाद अप्रैल में टूटा गर्मी का रिकॉर्ड

जिले में इस साल अप्रैल माह में ही गर्मी ने पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इससे पहले 23 मई 2024 को सीहोर शहर का अधिकतम तापमान 44.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, लेकिन अप्रैल के महीने में ऐसी भीषण गर्मी पहले कभी रिकॉर्ड नहीं की गई। तेज धूप के कारण दोपहर के समय शहर की अधिकांश सड़कें सुनसान नजर आ रही हैं। लोग केवल बहुत जरूरी काम होने पर ही खुद को कपड़े से ढककर घरों से बाहर निकल रहे हैं।

### सीएमएचओ ने दिए सतत निगरानी और उपचार के निर्देश

बढ़ते तापमान के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने अलर्ट जारी किया है। उन्होंने जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं के प्रभारी अधिकारियों को सतत निगरानी और उपचार के निर्देश दिए हैं। मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके, इसके लिए अस्पतालों में पदस्थ स्वास्थ्य कर्मियों का उन्मुखीकरण भी किया जा रहा है।

**अस्पतालों में ठंडे पानी, पंखे और ओआरएस कॉर्नर की व्यवस्था**

स्वास्थ्य संस्थाओं को आने वाले मरीजों में लू के लक्षणों की तुरंत जांच करने और उचित प्रबंधन के निर्देश दिए गए हैं। वार्डों में मरीजों के लिए ठंडे पेयजल और पंखों की व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, तेज धूप में ज्यादा देर तक रहना लू लगने का प्रमुख कारण है, जिससे शरीर में पानी की कमी और इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन हो सकता है। गर्मी से संबंधित बीमारियों से बचाव के लिए सभी संस्थाओं में पर्याप्त दवाइयां उपलब्ध कराई गई हैं और ओआरएस कॉर्नर स्थापित किए गए हैं।

# स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होना ही जिले के समग्र विकास का आधार : कलेक्टर




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में विकासखण्डवार स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों एवं योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन बेहतर और प्रभावी ढंग से किया जाए, ताकि प्रत्येक बीमार व्यक्ति को समय पर और समुचित इलाज मिल सके।

कलेक्टर ने विशेष रूप से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी गर्भवती महिला या शिशु की मृत्यु अत्यंत दुखद और पीड़ादायक होती है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं तथा समय पर उपचार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाओं की प्रगति केवल आंकड़ों तक सीमित न रहे, बल्कि उसका प्रभाव धरातल पर भी स्पष्ट दिखाई देना चाहिए। उन्होंने बैठक में निर्देशित किया कि मां और बच्चे के पोषण में किसी प्रकार की कमी न हो। इसके लिए आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। कलेक्टर ने कहा कि आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नियमित रूप से गर्भवती महिलाओं और बच्चों की जांच करें तथा उनका निरंतर फॉलोअप सुनिश्चित करें।